धनबाद, शुक्रवार
27 दिसंबर 2019
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



कॉरपोरेट सेक्टर के सामने घरेलू फंड का टोटा 11
नागरिकता संशोधन कानून मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय 13



# छात्रों ने सीखे हर परिस्थिति से जूझने के गुर




पुरुलिया में आयोजित आसनसोल डीपीएस के विंटर कैंप में शामिल विद्यार्थी • जागरण

जागरण संवाददाता, आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों के पांच दिवसीय शीतकालीन कैंप का समापन बुधवार को हो गया। 21 दिसंबर से दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल द्वारा माउंटेन लवर्स एसोसिएशन के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के नेतृत्व में बेरो हिल्स पुरुलिया में कैंप का आयोजन किया गया था।

विंटर कैंप में बच्चों को व्यावहारिक जीवन में आने वाली विषम परिस्थितियों से जूझने, उनका सामना करने के गुर सिखाए गए। इसके अंतर्गत आयोजनकर्ताओं द्वारा अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक चिकित्सा, रिवर क्रासिंग, लीड क्लाइम्बिंग, रोप मैनेजमेंट, मल्टी पिच क्लाइम्बिंग, रूट सेलेक्शन आदि के विषय में छात्रों को जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने कहाकि छात्रों को कम से कम सुविधाओं में विषमतम परिस्थिति में भी जीवन जीने की कला सिखाई जाती है, ताकि वह जीवन की हर मुश्किल का सामना करने के लिए तैयार हो सके और शारीरिक व मानसिक रूप से भी स्वस्थ हो सके।

कैंप के अंतर्गत छात्रों को नैतिक मूल्यों, अच्छी आदतों, परंपरा और संस्कृति के विषय में भी शिक्षा दी गई। उन्होंने कहा कि कक्षा में दी गई शिक्षा को व्यावहारिक रूप देने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की बहुत आवश्यकता है।

जब तक हम शिक्षा को जीवन में लागू नहीं करते तब तक यह मात्र अक्षर ज्ञान है। छात्रों को वर्ष में कम से कम एक बार इस प्रकार के कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए। विद्यालय की ओर से क्रीड़ा शिक्षक रोहित प्रसाद यादव और अंग्रेजी भाषा शिक्षक रुद्रदीप सेनगुप्ता ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।